Nai Dunia (Indore), 09th June 2022, Page-02

# आइईईई को 500 डालर के अनुदान के साथ बेस्ट चैप्टर अवार्ड

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियर्स नैनो टेक्नोलाजी काउंसिल (आइईईई एनटीसी) विद्यार्थी चैप्टर को 2021 के लिए बेस्ट चैप्टर अवार्ड मिला है। इसके लिए उसे 500 डालर का अनुदान भी मिला है। यह पुरस्कार नैनो टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग और औद्योगिक अनुप्रयोगों के डिजाइन व विकास को शामिल करने के लिए एक इंटरेक्टिव प्लेटफार्म बनाने के लिए मिला।

चैप्टर का उद्देश्य वैज्ञानिक, साहित्यिक और शैक्षणिक क्षेत्र में पूरे आइईईई में किए गए नैनो टेक्नोलाजी के क्षेत्र में काम को आगे बढ़ाना और समन्वय करना है। यह सौर सेल पर कार्यशाला का आयोजन व अनुसंधान संगोष्ठी भी आयोजित करता है, जिसमें कई उद्योगों के विशेषज्ञ व शोध विद्वान शामिल होते हैं। गैस सेंसर, हाइड्रोजन उत्पादन, क्वांटम कंप्यूटिंग, आप्टोइलेक्ट्रानिक डिवाइस, सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण विषयों पर कई वेबिनार किए।